अंडाशय का मेटास्टेसिस (Metastatic Ovarian CA)

रोगी सूचना श्रृंखला - आपको क्या जानना चाहिए, आपको क्या पूछना चाहिए।

यह पत्रक आपको समझने में मदद करने के लिए है कि अंडाशय का मेटास्टेसिस क्या है, आपको किन परीक्षणों की आवश्यकता है और यदि आपको यह बीमारी होने का पता चलता है तो इसका आपपे, आपके बच्चे और आपके परिवार के लिए इसका क्या महत्व है ।

क्या अंडाशय में मेटास्टेसिस होना दुर्लभ है**?**

अंडाशय में मेटास्टेसिस दुर्लभ नहीं है: अंडाशय कैंसर के 5-20% मामलो में प्राथमिक कैंसर अंडाशय में नहीं होकर किसी अन्य अंग में होता है जो अंडाशय में फैला होता है ।

क्या प्राथमिक अंडाशय कैंसर और मेटास्टैटिक कैंसर के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है **?**

प्राथमिक या मेटास्टैटिक अंडाशय कैंसर के बीच अंतर चिकित्सकीय रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका इलाज़ अलग है: प्राथमिक अंडाशय के कैंसर के इलाज में सर्जरी की अहम् भूमिका होती है; मेटास्टैटिक अंडाशय कैंसर के मामले में सर्जरी की भूमिका विवादास्पद है और रोगी को आमतौर पर उसके प्राथमिक कैंसर के आधार पर कीमोथेरेपी दी जाती है।

कौन से ट्यूमर अंडाशय में फ़ैल सकते हैं**?**

कई ट्यूमर अंडाशय में फ़ैल सकते हैं; सबसे आम हैं:

- स्तन कैंसर
- गैस्ट्रिक और कोलोरेक्टल कैंसर
- पित्त पथ का कैंसर (यकृत, पित्ताशय और पित्त नलिकाओं का कैंसर)
- सारकोमा (कैंसर का एक असामान्य रूप जो शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, अंदर या बाहर, जैसे की मांसपेशियों, हड्डी, टेंडन्स , रक्त वाहिकाओं और वसायुक्त ऊतक)।
- ल्यूकेमिया (एक कैंसर जो रक्त बनाने वाले ऊतक, आमतौर पर अस्थि मज्जा में शुरू होता है) और लिम्फोमा (रक्त कैंसर का एक प्रकार)
- अन्य स्त्री रोग संबंधी विकृतियां (गर्भाशय और गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर)

मुझे कौन से लक्षण हो सकते हैं**?**

वैसे मरीज जिनमे पहले कैंसर हो चुका हो उनमे फॉलो अप के दौरान बिना किसी लक्षण के आकस्मिक रूप से अंडाशय गाँठ का पता लग सकता है । अंडाशय की मेटास्टेटिक गांठें पेल्विक या पेट में दर्द, पेट का फूलना, कब्ज या दस्त के मामले में एक विभिन्न प्राथमिक कैंसर की पहली उपस्थिति का प्रतिनिधित्व कर सकती हैं।

क्या मुझे और परीक्षण करवाना चाहिए**?**

पहली जाँच आमतौर पर एक अल्ट्रासाउंड (ट्रांसवेजिनल और ट्रांसएब्डोमिनल) होती है। अंडाशय की मेटास्टेटिक गांठें आमतौर पर द्विपक्षीय होते हैं और अल्ट्रासाउंड में प्राथमिक ट्यूमर से भिन्न दिखते है।

गैस्ट्रिक कैंसर (क्रुकेनबर्ग ट्यूमर), स्तन कैंसर, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा, या गर्भाशय के कैंसर से मेटास्टैटिक गांठ आमतौर पर ठोस होते हैं। कोलोरेक्टल कैंसर, पित्त पथ के कैंसर से मेटास्टैटिक गांठें आमतौर पर विषम (मल्टीलोकुलर या मल्टीलोकुलर-ठोस) होते हैं।

निम्न ट्यूमर मार्कर जिनके लिए परीक्षण किया जा सकता है, जो प्राथमिक ट्यूमर पर निर्भर करते हैं:

स्तन कैंसर: सीए 15.3

कोलोरेक्टल / पित्त पथ / अग्नाशय के कैंसर: सीए 19.9

गैस्ट्रिक कैंसर: सीईए

कैंसर को स्टेज करने के लिए (यदि प्राथमिक ट्यूमर अज्ञात है) या फॉलो अप में कैंसर के फैलाव को देखने के लिए एक दूसरे चरण की जाँच जैसे की सीटी स्कैन या पेट सीटी की जा सकती है।

मुझे और क्या प्रश्न पूछने चाहिए?

- क्या यह मेटास्टैटिक या प्राथमिक अंडाशय कैंसर है?
- क्या मुझे सीटी-स्कैन की आवश्यकता है?

Last updated 2024